प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
30.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 10:45 बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से कुछ देर बाद 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये एक सौ सैंतीसवीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़.ऑन.एआईआर मोबाइल ऐप पर इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता आज लोक भवन में प्रदेश उच्च न्यायालय में दो न्यायाधीशों तथा एक अतिरिक्त न्यायाधीश को शपथ दिलाएंगे। चिराग भानु सिंह व भूपेश शर्मा को न्यायाधीश तथा योगेश जसवाल को अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह सायं पांच बजे आयोजित होगा।

जनगणना

प्रदेश के बर्फबारी वाले इलाकों में जनगणना का दूसरा चरण पहली सितम्बर से शुरू हो रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य, रोजगार, शिक्षा और अन्य सामाजिक पहलुओं से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। सिरमौर ज़िले में भी नौहराधार क्षेत्र के बर्फबारी प्रभावित 10 गांवों में इस दौरान जनगणना की जाएगी। उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने सभी लोगों से जनगणना कार्य में सहयोग की अपील की है।

किन्नौर–केसीसी

जनजातीय जिला किन्नौर में पशुपालन को बढ़ावा देने और किसानों की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड यानी केसीसी सुविधा किन्नौर के ग्रामीणों के लिए मददगार साबित हो रही है। इसके तहत गाय सहित दुधारू पशुओं के पालन–पोषण के लिए पशुपालकों को कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा मिल रही है। पशुपालक केसीसी के लिए अपने नजदीकी बैंक की शाखा या पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। जहां उन्हें वर्तमान नियमों के अनुसार ऋण सीमा, ब्याज दर, पात्रता और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी जाएगी।

*गाय पालन के लिए एक गाय पर एक लाख 12 हजार 859 रुपये तक केसीसी ऋण की सीमा निर्धारित हो सकती है। इस हिसाब से पात्र पशुपालक जरूरत और बैंक के नियमों के अनुसार लगभग 2 लाख रुपये तक की केसीसी सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि वास्तविक ऋण सीमा पशुओं की संख्या, निर्धारित दर, किसान की जरूरत और बैंक के आकलन के आधार पर तय होगी। केसीसी से मिलने वाली राशि का इस्तेमाल गाय के लिए चारा, दाना, पशु चिकित्सा, दवाइयां और रखरखाव से जुड़े जरूरी खर्चों को पूरा करने में किया जा सकता है। यदि किसान निर्धारित नियमों के अनुसार समय पर ऋण का भुगतान करता है, तो उसे अतिरिक्त ब्याज राहत यानी समय पर भुगतान प्रोत्साहन का लाभ मिल सकता है। इससे किसान पर ऋण का ब्याज भार कम हो सकता है। ——————— ''54''.*

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार कल से मॉनसून फिर सक्रिय हो सकता है। सोलन जिला के परवाणु में कल शाम भारी बारिश हुई जिससे जनजीवन अस्त–व्यस्त हुआ है। बारिश से परवाणु के सेक्टर–2 टकसाल रेलवे फाटक के पास तथा आस–पास के उद्योगों में जलभराव हो गया। मूसलाधार बारिश के कारण कालका शिमला रेलवे ट्रैक पर शिमला से कालका जा रही चार ट्रैनों को रद्द करना पड़ा। प्रदेश में भूस्खलन से अभी तक 54 सड़कें बाधित हैं जबकि वर्षा से बाधित हुई सभी पेयजल योजनाओं को ठीक कर दिया गया है।

जनहित सूचना

कड़छम–वांगतू जलविद्युत परियोजना प्रबंधन ने स्थानीय लोगों, पर्यटकों और श्रमिकों से अपील की है कि वे सतलुज नदी के किनारों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें और इस दौरान नदी के पास न जाएं। परियोजना प्रबंधन के अनुसार कड़छम बांध में पानी का प्रवाह लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते बांध से कभी भी पानी छोड़ा जा सकता है। प्रबंधन ने बताया कि पानी छोड़े जाने के दौरान लोगों को सतर्क करने के लिए हूटर और सायरन बजाए जाएंगे। परियोजना प्रबंधन ने सभी लोगों से अपील की है कि चेतावनी मिलने पर नदी और जलधाराओं से तुरंत सुरक्षित दूरी बनाए रखें और प्रशासन तथा परियोजना प्रबंधन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

कुल्लू–फोस्टर केयर

कुल्लू जिला में बच्चों के संरक्षण व कल्याण के लिए गठित स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर अनुमोदन समिति की बैठक एडीएम सुरजीत सिंह राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के समक्ष विभिन्न विकास खंडों से प्राप्त 61 नए मामलों को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में पहले से चल रहे एक हजार 97 मामलों की प्रगति की भी समीक्षा की गई, ताकि पात्र बच्चों को मिल रही वित्तीय सहायता निरंतर जारी रह सके। बैठक में बताया गया कि स्पॉन्सरशिप योजना के तहत ऐसे बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जो किसी संकट की स्थिति के कारण अपने जैविक माता–पिता, एकल माता–पिता अथवा विस्तारित परिवार जैसे नाना–नानी या दादा–दादी के साथ रह रहे हैं। पात्र बच्चों को 4 हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता 18 वर्ष की आयु तक प्रदान की जाती है। एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित बच्चों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य, शिक्षा एवं संपूर्ण विकास से जुड़ी आवश्यकताओं के लिए पूरक सहायता समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाई जाए।

मैराथन

हिमालय की कठिन और ऊंचाई वाली परिस्थितियों को चुनौती देते हुए स्पीति की तेनजिन डोलमा ने हालही में 77 किलोमीटर की कठिन दौड़ महज 6 घंटे 5 मिनट में पूरी कर इतिहास रचा है। तेनजिन डोलमा की इस ऐतिहासिक सफलता पर क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।